तापमान
अधिकतम 24.6 डिग्री
न्यूनतम 7.5 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, रविवार 8 फरवरी 2026


12 दृष्टिगत दिव्यांग विद्यार्थियों को मिलेंगी पाठ्यक्रम की पुस्तकें


12 उद्योग मंत्री के बयान पर कर्मचारियों ने पुतला दहन कर जताया रोष

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार के साथ आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस ने अवैध हथियार के साथ गांव बिचपड़ी के अंशुल को गिरफ्तार किया। आरोपित को न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सहायक उप निरीक्षक विकास कुमार पुलिस टीम के जींद रोड स्थित रजवाहा के पास गश्त कर रहे थे। सूचना मिली कि अंशुल के पास अवैध हथियार है जो रजवाहा की पटरी से पैदल गांव बिचपड़ी की तरफ से आएगा। पुलिस ने उसे काबू किया तो उसके पास देसी पिस्तौल मिला।

### आवास योजना की किस्तें अटकीं, भूख हड़ताल

**सोनीपत।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र बीपीएल परिवारों को दूसरी किस्त जारी नहीं होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव माहरा में बुजुर्ग दंपति का मकान कई माह से खंडहर अवस्था है। बारिश में मकान की कड़ी भी टूट चुकी है। मजबूरीवश परिवार किराए के मकान में रहने को विवश है।

### पांच हमलावरों ने प्रहार कर किया युवक को घायल

**खरखौदा।** एक युवक को पांच युवकों ने पीट पीटकर घायल कर दिया। बसंतपुर रोहतक निवासी अनिल ने बताया कि वह अपनी बुआ के भात में सोनीपत आया हुआ था। गांव सिलाना निवासी नरेंद्र जो लगभग 1 सप्ताह पहले उसका दोस्त बना था। वह भी उसके साथ भात में गया था। नरेंद्र ने उससे कहा कि एक शादी में उसे कन्यादान देने के लिए जाना है।

## चेन पुलिंग करने वालों से वर्ष 2025 में वसूला गया कुल 58500 रुपये जुर्माना

# चेन पुलिंग: 2025 में रेल ट्रैक पर 287 बार ट्रेनों का अचानक ब्रेक, 136 गिरफ्तार

**सोनीपत क्षेत्र में अकसर छोटे रेलवे स्टेशनों पर की जाती है चेन पुलिंग की घटनाएं**

रविंद्र ठाकुर ▶▶| सोनीपत

ट्रैक पर दौड़ती ट्रेन में चेन पुलिंग करना कहने को छोटी बात है, लेकिन इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। चेन पुलिंग करते ही ट्रेन के पहिये अचानक थम जाते हैं। सफर के दौरान चेन पुलिंग करना दंडनीय अपराध है। सोनीपत क्षेत्र में वर्ष 2025 में चेन पुलिंग के चलते रेल ट्रैक पर 287 बार ट्रेनों के अचानक ब्रेक लगे हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने कार्रवाई करते हुए वर्ष 2025 में 136 लोगों को गिरफ्तार किया है, अन्य की धरपकड़ के प्रयास जारी हैं।

सोनीपत क्षेत्र में एक्सप्रेस ट्रेनों को रुकवाने के लिए चेन पुलिंग की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। यात्री अकसर छोटे स्टेशनों पर चेन पुलिंग कर रहे हैं। जिससे रेल ट्रैक पर अचानक ट्रेनों के ब्रेक लग रहे हैं। इससे लंबी दूरी की ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों को परेशानियां झेलनी पड़ती हैं, जबकि ऐसा करने वाले अचानक उतरकर फरार हो जाते हैं। साल के 12 माह में चेन पुलिंग की कुल 287 घटनाएं हो चुकी हैं। आरपीएफ ने चेन पुलिंग के आरोप में 136 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां आरोपियों से कुल 58500 रुपये जुर्माना वसूलकर छोड़ा गया। वहीं आरपीएफ शेष 151 लोगों की तलाश में जुटी है, ताकि ट्रेनों में हो रही चेन पुलिंग की घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके। इसके लिए समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।


सोनीपत। स्टेशन पर ट्रेन में सवार होने के लिए प्लेटफार्म दो पर खड़े यात्री।

### 2025 में किस माह कितनी चेन पुलिंग व गिरफ्तारी

| माह | चेन पुलिंग | गिरफ्तारी |
|---|---|---|
| जनवरी | 25 | 07 |
| फरवरी | 21 | 08 |
| मार् | 22 | 06 |
| अप्रैल | 31 | 12 |
| मई | 25 | 10 |
| जून | 20 | 13 |
| जुलाई | 20 | 18 |
| अगस | 32 | 17 |
| सितंबर | 26 | 12 |
| अक्तूबर | 14 | 13 |
| नवंबर | 23 | 10 |
| दिसंबर | 28 | 10 |
| कुल | 287 | 136 |

### इन जगह चेन पुलिंग के ज्यादा मामले

- गोहाना पुल के आसपास
- शनि मंदिर के आसपास
- हिंदु कॉलेज के आसपास
- हरसाना कलां के आसपास
- राठधना के पास फाटक से पहले
- गांव बैंयापुर खुर्द के पास
- गन्नौर में गांधी कॉलोनी के आसपास

### अधिकारियों का तर्क

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि सफर करते समय कुछ यात्री अपने सुविधा के लिए चेन पुलिंग करके ट्रेन को रोक देते हैं। अधिकतर मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों में होने वाली चेन पुलिंग की घटनाओं के कारण लंबी दूरी तक सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ती है। इससे ट्रेन में सवार अन्य यात्रियों की जान को भी खतरा हो सकता है, रेलवे को भी नुकसान उठाना पड़ता है। बेवजह चेन पुलिंग करने से ट्रेन पटरी से उतर सकती है, इसलिए चेन पुलिंग को लेकर रेलवे ने अलग से नियम बनाए हैं। जिनके अनुसार से ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

### इन परेशानियों का करना पड़ा है सामना

- ट्रेनों का परिचालन प्रभावित
- यात्रियों को गंतव्य में देरी
- एमरजेंसी ब्रेक लगने से गाड़ी का पटरी से उतरना
- यात्रियों के जान-माल की हानि
- साक्षात्कार, नौकरी या परीक्षा का छूटना

### किन स्थिति में की जा सकती है चेन पुलिंग

- किसी यात्री की तबीयत खराब होने
- ट्रेन में आग लगने
- ट्रेन में बम होने की सूचना मिलने
- किसी के ट्रेन से गिर जाने
- डकैती या चोरी होने
- 60 वर्ष से ज्यादा बुजुर्ग या बच्चे का स्टेशन पर रह जाने

### यात्रियों का तर्क

यात्री सुरेंद्र गुप्ता, विकास, नरेश कुमार, नितिन कुमार ने बताया कि चेन पुलिंग करके यात्री सिर्फ अपना भला कर सकता है। ऐसा करके वह अन्य लोगों की जान को खतरे में डाल देता है। ऐसा करके अन्य यात्रियों का समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। रेलवे यातायात प्रभावित हो जाता है। सभी गाड़ियों को पीछे रोकना पड़ता है।

### चेन पुलिंग से रेलवे को नुकसान

बिना वजह ट्रेनों में चेन पुलिंग करना दंडनीय अपराध है। चेन पुलिंग होने से यात्रियों के साथ रेलवे को भी नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे में यात्रियों की जिंदगी से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। चेन पुलिंग के आरोप में 12 माह में 287 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। 136 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर उन पर जुर्माना लगाया गया है। पकड़े जाने पर आरोपी से दो हजार रुपये जुर्माना या छह माह की सजा हो सकती है। **-संगम यादव, थाना प्रभारी, आरपीएफ, सोनीपत**

## बकायादारों पर बिजली निगम की बड़ी कार्रवाई, कनेक्शन काटने की प्रक्रिया शुरू

**गन्नौर।** बिजली बिल बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ बिजली विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू कर दी है। विभागीय अभियान के तहत बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई की जा रही है। बिजली निगम के अनुसार 1 से 2 लाख रुपये तक बकाया रखने वाले 95 डिफाल्टर चिह्नित किए गए हैं, जिनके कनेक्शन काटे जा रहे हैं। वहीं 2 से 5 लाख रुपये तक बकाया रखने वाले 23 उपभोक्ताओं पर भी जल्द गाज गिरने वाली है। विभाग की टीमें लगातार फील्ड में उतरकर बकायेदारों के परिसरों पर पहुंच रही हैं और नियमानुसार बिजली आपूर्ति बाधित की जा रही है। इस संबंध में बिजली निगम के जेई सुरेश कुमार ने बताया कि लंबे समय से कई उपभोक्ता नोटिस मिलने के बावजूद बकाया जमा नहीं कर रहे थे। निगम को आर्थिक नुकसान से बचाने और व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए यह कार्रवाई आवश्यक हो गई थी।

THE VEDIC ERA PROGRESSIVE SCHOOL
RATANGARH, SONIPAT
AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI
REQUIRES
Well-qualified, smart, dedicated, convent-educated, trained and experienced teachers
• PGT English — Salary: Rs. 65,000/-
• TGT English • TGT Social Science — Salary: Rs. 55,000/-
• PTI (Male/ Female) • Art & Craft Teacher — Salary: Rs. 45,000/-
• Career Counsellor • Academic Counsellor — Salary: Rs. 45,000/-
• NTTs • Mother Teachers — Salary: Rs. 40,000/-
EMOLUMENTS NO BAR FOR EXPERIENCED AND REALLY DESERVING CANDIDATES
It is compulsory for the teachers to be fluent in speaking English
Kindly submit your Resume (with your Latest photograph and all details) at the School Reception within 5 days (on any working day between 10.00 am and 1.00 pm) or e-mail your Resume to:
thevediceraschool@gmail.com

Bright Scholar
SENIOR SECONDARY SCHOOL
...School for the future
Ranked No.1 CBSE School Sonipat
ADMISSIONS OPEN 2026-27
Why Choose Bright Scholar?
• Holistic Education: Balanced focus on academics, sports, arts, music, dramatics, and life skills.
• Air-conditioned classrooms with interactive smart boards for dynamic learning.
• Well-equipped science, computer, psychology and skill labs.
• Spacious library, auditorium, and dedicated activity zones.
• Extensive sports facilities and professional coaching.
• Holistic Student Support: Infirmary with medical staff, guidance & counselling cell.
• Safe & Secure Campus: CCTV surveillance, inclusive facilities, clean potable water, activity spaces.
• Values-Driven Growth: Encouraging compassionate, responsible and confident young leaders.
• At Bright Scholar School, we nurture every student to become a well-adjusted, competent global citizen in a safe, disciplined, and intellectually stimulating environment with strong Indian values and an international outlook.
Equipped with State of Art Sports Facilities to Nurture Excellence & Cultivate Greatness
• Swimming • Cricket • Shooting • Archery • Lawn Tennis
• Skating • Badminton • Chess • Taekwondo • Yoga
Scholarships for Meritorious Students
Bright Scholar Sr. Sec. School — Where Potential Meets Opportunity.
Subjects Offered in Class XI
English, Physics, Chemistry, Hindi, Mathematics, Biology, Business Studies, Accountancy, Economics
Geography, Sociology, Political Science, Psychology, History, Economics, Computer Science,
Legal Studies, Mass Media, Applied Maths, Painting, Tourism, Music, Retail, Entrepreneurship, Yoga & AI
Sector-10, Sonepat 85700 99940, 9729000190, 9812999090 brightscholar2006@yahoo.co.in, brightscholar17@gmail.com www.bright-scholar.in

## खबर संक्षेप

### कन्या कॉलेज में ताला तोड़कर चोरी

**खरखौदा।** बीती रात कन्या महाविद्यालय की दीवार फांदकर कुछ अज्ञात चोर अंदर घुस गए और लैब व कमरों का ताला तोड़कर सामान चोरी कर लिया। पुलिस को सूचना दी गई है कि महाविद्यालय में बने लैब व कमरों से काफी मात्रा में सामान चोरी हो गया है। चौकीदार मध्य रात्रि करीब 2.35 पर महाविद्यालय में गश्त लगा रहे थे। उन्हें अज्ञात व्यक्ति दीवार फांदकर भागते हुए दिखाई दिए। जिससे वह कुछ सामान दीवार पर ही छोड़कर भाग गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रोहट में बने आंबेडकर भवन का लोकार्पण

**खरखौदा ।** विधायक पवन खरखौदा ने गांव रोहट में 12 लाख 42 हजार की लागत से बने आंबेडकर भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक कार्यों को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा भरपूर धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। देश का विकास गांवों से होकर गुजरता है। यही कारण है कि गांवों के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। गांवों में भी सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा जा रहा है। अंबेडकर भवन का निर्माण उसी सोच का नतीजा है। इसमें दो राय नहीं कि नव निर्मित भवन से ग्रामीणों विशेषकर दलित समाज के हित पोषित होंगे। इस जगह सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। सरपंच संदीप, सुरेश दहिया सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### स्वामी दयानंद स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**खरखौदा।** विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि शिक्षकों के कंधों पर देश के भविष्य के निर्माण की जिम्मेदारी है। बच्चों के भाग्य व चरित्र निर्माण में अध्यापकों की अहम भूमिका है। विधायक ने सिसाना के स्वामी दयानंद स्कूल के वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों को संबोधित करते यह बात कही। कहा कि शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। बजट में भी प्रत्येक वर्ग के साथ-साथ शिक्षा पर भी विशेष तौर पर ध्यान दिया गया है। उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने जल बचाओ थीम पर कार्यक्रम पेश कर जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

### गुरु रविदास ने समाज को पढ़ाया समरसता का पाठ

**गोहाना।** शनिवार को भाजपा के गोहाना हलका के कार्यकर्ताओं ने गांव खानपुर कलां स्थित रविदास मंदिर में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती मनाई। गुरु रविदास जयंती पखवाड़ा के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गुरु रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। अध्यक्षता गोहाना के जिला महामंत्री महेंद्र चिड़ाना व जितेंद्र शर्मा ने की और संयोजन नरेश खानपुर ने किया। जिला महामंत्री महेंद्र चिड़ाना ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास का संदेश मन चंगा तो कटोथी में गंगा आज भी समाज को सकारात्मक दिशा दिखाता है। गुरु रविदास ने समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

### आगे बढ़ने के लिए मेहनत जरूरी : सिंह

**खरखौदा।** ब्रह्मशक्ति सीनियर सेकेंडरी स्कूल थाना कलां में पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन ओ पी रांग, प्राचार्य रामबीर सिंह व भोपाल सिंह ने सत्र 2024—25 में कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे सभी छात्रों को सर्टिफिकेट व उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही टीजीटी इंग्लिश सुनीता व पीजीटी हिंदी नरेंद्र कुमार को अपनी कक्षा में जनरल इंग्लिश टेस्ट में सराहनीय प्रयास करने पर नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्राचार्य रामबीर सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि हमें अपने कार्य में अथक परिश्रम करना चाहिए। कहना न होगा कि प्रतिस्पर्धा के युग में दिन-रात मेहनत करके ही आगे बढ़ा जा सकता है।

## राज्य स्तरीय स्पर्धा में विभिन्न महाविद्यालयों की 16 टीमों ने लिया भाग

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में जीवीएम कन्या कॉलेज की अनुष्का अव्वल

- जीवीएम कन्या महाविद्यालय की टीम को ओवरऑल बेस्ट टीम अवॉर्ड से किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने राज्यस्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय व जिले का नाम गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. ओपी परूथी, प्राचार्य डॉ. मंजुला स्पाह ने छात्राओं का स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ. मंजुला स्पाह ने बताया कि कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय, करनाल की ओर से गत दिवस राज्य स्तरीय भाषण (वाद-विवाद) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय एआई : एक क्रांतिकारी सहयोगी या खतरनाक प्रतिद्वंद्वी रहा। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों की कुल 16 टीमों ने भाग लिया। जीवीएम कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रतियोगिता में आत्मविश्वास एवं प्रभावशाली तर्कों के साथ निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। महाविद्यालय की अनुष्का ने विषय के विपक्ष में अपने सशक्त वक्तव्य से प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि छात्रा अनुराधा ने विषय के पक्ष में प्रभावशाली प्रस्तुति देकर सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। इसके अतिरिक्त जीवीएम कन्या महाविद्यालय की टीम को ओवरऑल बेस्ट टीम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जिसमें नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।


सोनीपत। जीवीएम कन्या कालेज की प्राचार्य डॉ. मंजुला स्पाह व स्टाफ सदस्यों के साथ स्पर्धा की विजेता छात्राएं।

### सफलता के लिए प्रेरित किया

अध्यक्ष डॉ. ओपी परूथी, प्राचार्य डॉ. मंजुला स्पाह, कला संकाय की डीन संगीता ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास, तार्किक क्षमता व व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। बताया कि वाद-विवाद जैसी शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच मिलता है, आत्मविश्वास में वृद्धि होती है।



### साइबर अपराध के खिलाफ किया जागरूक

**सोनीपत।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रचेता सिंह के मार्गदर्शन में साइबर अपराध, बाल विवाह मुक्त भारत, नालसा (मानव तस्करी एवं व्यावसायिक यौन शोषण के पीड़ितों के लिए योजना, 2015) विषय पर गांव खेवड़ा व जाजी में जागरूकता शिविर लगाए गए। गांव खेवड़ा में पैनल अधिवक्ता भारती सैनी, गांव जाजी में पैनल अधिवक्ता मेघा सिंध्याल ने ग्रामीणों को जागरूक किया। पैनल अधिवक्ताओं ने बताया कि आज के डिजिटल युग में ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, लिंक के माध्यम से धोखाधड़ी, ओटीपी साझा कर धन की हानि, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, ऑनलाइन खरीद-फरोख्त में ठगी, बैंक/केवाईसी अपडेट के नाम पर होने वाले साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। किसी भी अज्ञात कॉल, संदेश या लिंक पर बिना पुष्टि किए व्यक्तिगत जानकारी, बैंक विवरण, ओटीपी या पासवर्ड साझा न करें। सोशल मीडिया पर प्राप्त होने वाली भ्रामक सूचनाओं, लॉटरी/इनाम के झूठे संदेशों एवं तत्काल कार्रवाई के दबाव में दिए जाने वाले कॉल से सावधान रहे। उन्होंने बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी भी दी। साथ ही मानव तस्करी पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को मानव तस्करी की परिभाषा, उसके प्रकार, कारण, दुष्परिणाम, बचाव के उपायों से अवगत कराया।

# आत्मनिर्भर बनने के बताए गुर

## मूकबधिर बच्चों के लिए किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेफ इंडिया फाउंडेशन की ओर से सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाते हुए रोट्रेक्ट क्लब ऑफ अशोका यूनिवर्सिटी, राई के सहयोग से स्किल डेवलपमेंट अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत सोनीपत के मूकबधिर बच्चों (जो जन्म से बोल व सुन नहीं सकते) के विद्यालय में विद्यार्थियों को मिट्टी से आकर्षक बर्तन एवं क्ले से विभिन्न उपयोगी व सजावटी वस्तुएं बनाना सिखाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रोट्रेक्ट क्लब की छात्राओं विभा रावत, निया मोथा, मन्नत तलवार ने अपना सहयोग देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कलाकार जगबीर असावरपुर ने बच्चों को मिट्टी के बर्तन बनाने की विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी। जिससे बच्चों ने बेहद रुचि व आत्मविश्वास के साथ अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यालय के डायरेक्टर मोहित डागर ने बताया कि बच्चों ने इस गतिविधि में पूरे मनोयोग से भाग लिया। कम समय में ही सुंदर कलाकृतियां तैयार कीं, जिससे बच्चों के चेहरे पर आत्मसंतोष व खुशी की झलक दिखाई दी। फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला, चेयरमैन वाईके त्यागी, स्कूल इंचार्ज अविनाश सेठी, बलराज वशिष्ठ ने संयुक्त रूप से बताया कि संस्था आगे भी प्रत्येक शनिवार एक्टिविटी डे के रूप में मनाएगी। इस तरह की रचनात्मक, शैक्षणिक एवं कौशल विकास से जुड़ी गतिविधियां करवाने का उद्देश्य विशेष बच्चों का सर्वांगीण विकास कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। ऐसे कार्यक्रम न केवल बच्चों की छुपी प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि समाज में उन्हें सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर भी प्रदान करते है।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद संस्थाओं के सदस्य व प्रतिभागी विद्यार्थी।

## भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की विरासत नहीं, भविष्य निर्माण की सशक्त आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिंदू महाविद्यालय में डॉ. महिपाल अग्रवाल स्मृति न्यास व्याख्यान माला—2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान, संस्कृति, भारतीय बौद्धिक परंपरा के प्रकाश का प्रतीक के आधार पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), दिल्ली के कुलसचिव डॉ. जितेंद्र श्रीवास्तव ने शिरकत की। उन्होंने भारतीय ज्ञान प्रणाली : भविष्य की आशा विषय पर वक्तव्य में बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण की सशक्त आधारशिला है। डॉ. जितेंद्र श्रीवास्तव ने भारतीय दर्शन, नैतिक मूल्यों एवं समग्र शिक्षा पद्धति को आधुनिक वैश्विक चुनौतियों का समाधान बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हिंदू ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन राजीव अग्रवाल व चैरिटेबल समिति ने डॉ. महिपाल अग्रवाल को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बताया कि वह शैक्षणिक विकास में हरसंभव योगदान के लिए तैयार हैं। हिंदी प्रोफेसर डॉ. पूर्णमल गौड़ ने शैक्षणिक अनुभव साझा किए।


सोनीपत। के हिंदू महाविद्यालय में आयोजित डॉ. महिपाल अग्रवाल स्मृति न्यास व्याख्यान माला कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते अतिथि।

### ये रहे कार्यक्रम में मौजूद

कार्यक्रम में डॉ. महिपाल अग्रवाल की पत्नी सरिता अग्रवाल, सुपुत्री डॉ. रचना गुप्ता, प्रो. ऋचा गुप्ता, रमेश विकास, प्रो. जगदीश बत्रा, अनीता गोयल, आरके धमीजा, डॉ. ऊषा रानी मौजूद रही।

## भावी वैज्ञानिकों ने मॉडल प्रस्तुत कर दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राजकीय महिला महाविद्यालय गोहाना में शनिवार को अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी में जिला क्षेत्र के 11 महाविद्यालयों के भावी वैज्ञानिकों ने मॉडल प्रस्तुत करके अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में वैज्ञानिक चेतना का विकास करना, नवाचार को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें समकालीन वैज्ञानिक चुनौतियों से जोडना था। अध्यक्षता मेजबान महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी सांगवान ने की और संयोजन भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कौशिक का रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य आनंद कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी विज्ञान विषय के विद्यार्थी रह चुके हैं, इसलिए विज्ञान शिक्षा के महत्व को भली-भांति समझते हैं। विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि तर्क, प्रयोग और नवाचार पर आधारित जीवन-दृष्टि है, जो विद्यार्थियों को समस्या समाधान की क्षमता प्रदान करती है। विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में विभिन्न वैज्ञानिक एवं तकनीकी मॉडल प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संसाधन, जल संरक्षण, भौगोलिक संरचनाएं, सूचना प्रौद्योगिकी, तकनीकी नवाचार, स्वास्थ्य विज्ञान तथा दैनिक जीवन से जुड़ी वैज्ञानिक समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया।


गोहाना । विज्ञान प्रदर्शनी में प्रस्तुत मॉडलों का अवलोकन करते हुए अतिथि प्राध्यापक।

**सम्मेलन** युवा योद्धा जिला सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

> आज प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी

# गठबंधन के कारण हुआ जजपा को राजनीतिक नुकसान : दिग्विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जननायक जनता पार्टी के युवा नेता दिग्विजय सिंह चौटाला शनिवार को सोनीपत पहुंचे, जहां उन्होंने युवा योद्धा जिला सम्मेलन में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि प्रदेश की जनता सरकार की नीतियों से पूरी तरह निराश हो चुकी है और युवा वर्ग, बुजुर्ग व महिलाएं सभी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि जेजेपी का बीजेपी के साथ गठबंधन नहीं हुआ होता तो पार्टी की यह स्थिति नहीं होती। गठबंधन को उन्होंने पार्टी के राजनीतिक नुकसान का बड़ा कारण बताया। दिग्विजय चौटाला ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और पुलिस व्यवस्था खत्म होने के कगार पर है, जिससे बदमाशी अपने चरम पर पहुंच गई है। पेंशन के मुद्दे पर उन्होंने सरकार को घेरते कहा कि बुजुर्गों की पेंशन काटकर उनके साथ धोखा किया जा रहा है, जो हरियाणा के इतिहास में अभूतपूर्व है। उन्होंने तंज कसते कहा कि यदि पेंशन में कटौती करनी है तो फिर सांसदों और विधायकों की आय में भी कटौती होनी चाहिए। आबकारी मुख्यमंत्री के अधीन, मची हुई है लूटआबकारी विभाग में बड़े घोटाले का आरोप लगाते हुए दिग्विजय चौटाला ने कहा कि विभाग मुख्यमंत्री के अधीन है और वहीं से लूट मची हुई है।


सोनीपत । मंच पर मौजूद दिग्विजय सिंह चौटाला, पार्टी के नेता व कार्यकर्ता।

### युवा योद्धा सम्मेलन में ये रहे मौजूद

युवा योद्धा सम्मेलन में बृज शर्मा, देवेंद्र कादियान, जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा, युवा जिला अध्यक्ष अजय कुहाड़, दिनेश चौहान, राजा सहरावत, रजनी मलिक, राज सिंह दहिया, शीलू खासा, सुधीर धनखड़, रवि दहिया, जोनी लठवाल, बिजेंद्र आंतिल, राजपाल सेवली, रमेश बड़ौली, सुमित राणा, रिंकू दहिया, सागर दहिया, मोंटी मलिक, संदीप मलिक, अनिल मोर, सौरभ मलिक, दीपक मलिक, अनिल सरोहा, दिलबाग सिंह आंतिल, सुनील बड़ौली, रणबीर सरोहा, मंजीत चहल, विशाल मलिक, रितेश, मोनू शर्मा मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जेपी डीएवी स्कूल में स्कॉलरशिप परीक्षा आज

**गन्नौर।** जेपी डीएवी पब्लिक स्कूल में आज रविवार को स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित होगी। तैयारी को लेकर स्कूल प्रधानाचार्य ने स्टाफ की बैठक ली। प्रधानाचार्य ने बताया कि अगले शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यार्थियों के लिए प्रवेश द्वार परीक्षा (स्कॉलरशिप टेस्ट) रविवार, 8 फरवरी को परीक्षा विद्यालय परिसर में आयोजित होगी। परीक्षा से योग्य विद्यार्थियों को आकर्षक छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाएंगी। 90 % से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 15 हजार से अधिक, 80 % से अधिक पर 12 हजार से अधिक, 70 % और उससे अधिक पर 10 हजार, जबकि 60 % और उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को 8 हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति देने का प्रावधान है।



### हरिनगर में छह लाख से गलियां होगी चकाचक

**गन्नौर।** शहर के हरि नगर में प्रणामी मंदिर के नजदीक लंबे समय से चली आ रही निकासी व जलभराव की समस्या के समाधान के लिए गली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। छह लाख रुपये की लागत से होने वाले इस कार्य का उद्घाटन नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने किया। नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने कहा कि हरि नगर की गलियों में जलभराव के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए गली निर्माण कार्य को प्राथमिकता में शामिल किया गया। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र में जलनिकासी व्यवस्था सुदृढ़ होगी और आवागमन सुचारु रूप से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि नगर में विकास कार्यों को चरणबद्ध तरीके से कराया जा रहा है और सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगरपालिका की प्राथमिकता है।



### हर्षिता राठी को मिला मिस फेयरवेल का खिताब

**गन्नौर।** जेपी डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा 12वीं विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया । कार्यक्रम उत्साह, और भावनात्मक माहौल के बीच संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ करके किया गया। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई, जिसमें स्वागत गीत, नृत्य, संगीत एवं मनोरंजक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। टाइटल सेरेमनी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास और गरिमा के साथ मंच पर प्रस्तुति दी। टाइटल सेरेमनी में मिस फेयरवेल का खिताब हर्षिता राठी ने जबकि मास्टर फेयरवेल का खिताब सोहम चांदना ने अपने नाम किया। इसके अलावा विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



### किताबी ज्ञान के साथ नैतिक मूल्यों व अनुशासन आत्मविश्वास का होना आवश्यक : कृष्णा गहलावत

**राई।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुंडली में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विधायक ने स्कूल में बने दो कमरों का भी उद्घाटन किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि विद्यार्थी देश और समाज का भविष्य हैं। शिक्षा के माध्यम से ही एक सशक्त, संस्कारवान और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि आज के समय में केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, अनुशासन और आत्मविश्वास का होना भी आवश्यक है। पीएमश्री विद्यालय योजना के माध्यम से सरकारी स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों को समान अवसर मिल सकें।



### वार्षिक खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक द्वारा खेल मशाल प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को खेल शपथ दिलाई गई तथा विद्यालय प्रबंधक सुनील नागपाल, संजय नागपाल व प्रधानाचार्या उषा मलिक को सलामी देते हुए विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट किया। खेल महोत्सव के दौरान 100 मीटर दौड़, रिले दौड़, लेमन स्पून दौड़, बन्नी दौड़, म्यूजिकल दौड़, सैक दौड़, लंबी कूद, शाट पुट, थ्री लैग रेस, ताइक्वांडो व आर्चरी सहित अनेक प्रतियोगिताएं कराई गईं।



### विजेता विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर किया सम्मानित

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल में विद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर वार्षिक खेल समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों ने उत्साह व खेल भावना के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के तहत तीन टंगी दौड़, रस्सी कूद, जल परिवहन रिले, बोरी दौड़, बाधा दौड़, संतुलन दौड़ व लेमन रेस सहित कई रोचक प्रतियोगिताएं कराई गईं। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने विद्यालय के इतिहास पर प्रकाश डालते बताया कि रौनक पब्लिक स्कूल की स्थापना 7 फरवरी 1971 को हुई थी और विद्यालय के विद्यार्थी आज प्रशासनिक सेवा, न्यायपालिका व आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्रों में अपनी आवश्यक बताया। प्रतियोगिताओं में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए। विजेता विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।



### कल्पना स्कूल में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों दी विदाई

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद दिवस व विदाई समारोह का आयोजन किया । कार्यक्रम की शुरुआत हवन यज्ञ के साथ की गई। विद्यार्थियों ने बोर्ड की परीक्षाओं में सफलता के लिए आहुति डाली। विद्यालय की परंपरा को निभाते हुए 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर 12 वीं के विद्यार्थियों ने प्राचार्या, प्राथमिक प्रभारी और अध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें विशेष शीर्षक भेंट किए। साथ ही, जूनियर विद्यार्थियों ने भी अपने वरिष्ठ विद्यार्थियों को यादगार शीर्षक दिए। परीक्षा तैयारी की रणनीति और समय प्रबंधन के सुझाव भी साझा किए।




### वार्षिकोत्सव में हरियाणा की संस्कृति से महका जेकेआर स्कूल

**गोहाना ।** जेकेआर पब्लिक स्कूल गोहाना में शनिवार को स्कूल का 25वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। विशेष आकर्षण का केंद्र हरियाणवी समूह लोक नृत्य रहा। वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि स्कूल के एमडी राजबीर राठी ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। माता-पिता अपने घर, समाज व देश के विकास के लिए अपने बच्चों को शिक्षित बनाएं। शिक्षा के बना मनुष्य पशु के समान है।



## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह की तैयारियां तेज

**खरखौदा।** खरखौदा की जयनारायण धर्मशाला में 8 मार्च को आयोजित किए वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस सिलसिले में सर्वजातीय सर्वखाप महिला महापंचायत की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष दहिया ने क्षेत्र की महिलाओं से सामाजिक राजनीतिक भागीदारी और अधिकारों को लेकर चर्चा की।

### दो बच्चों के पिता पर किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के गांव में गली से गुजर रही किशोरी के साथ दो बच्चों के पिता पर छेड़खानी का आरोप है। किशोरी की मां ने मुरथल थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। महिला ने दर्ज प्राथमिकी में बताया कि उनकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी 1 फरवरी की शाम को गांव में लगी से गुजर रही थी। उसी दौरान पड़ोस के युवक ने बेटी के साथ छेड़खानी की है।

### शहर में चलाया सफाई अभियान

**सोनीपत।** नगर निगम की ओर से शनिवार को गीता भवन चौक से पुरखास अड्डा व रेलवे स्टेशन तक सफाई अभियान चलाया गया। निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने बताया कि निगम की ओर से वार्ड अनुसार उन युवाओं की स्वच्छता प्रहरी के रूप में टीम का गठन किया जाएगा, जो स्वेच्छा से सफाई गतिविधियों में जुटे हुए हैं।

### धूमधाम से मनाया मातृ-पितृ पूजन दिवस

**गोहाना।** श्री योग वेदांत सेवा समिति के द्वारा सरस्वती विद्या निकेतन स्कूल गोहाना में मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपनी संस्कृति से जोडऩा और माता-पिता और गुरुओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था। वक्ताओं ने कहा कि युवा पीढ़ी पाश्चात्य देशों का अनुसरण कर रही है।

## नए शैक्षणिक सत्र के लिए पहुंचा किताबों का स्टॉक, वितरण शुरू

# दृष्टिगत दिव्यांग विद्यार्थियों को मिलेंगी पाठ्यक्रम की पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिलाभर में दृष्टिगत दिव्यांग विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बिना पुस्तकों को बाधित नहीं होना पड़ेगा। 1 अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से करीब डेढ़ माह पहले जिला शिक्षा विभाग को विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम संबंधी पुस्तकें मुहैया करवाई गई हैं। शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में ही इन विशेष विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। ऐसे विद्यार्थी पुस्तकों के सहारे शुरू से ही पाठ्यक्रम संबंधी ज्ञान को अर्जित कर सकेंगे। जिला में विद्यार्थियों की संख्या अनुसार प्रत्येक ब्लॉक के विद्यालय प्रबंधकों व शिक्षकों को पुस्तकों वितरण किया जा रहा है।

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला की ओर से जिले के अंतर्गत आने वाले दृष्टिगत दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 28 सेट पुस्तकों का स्टॉक भेजा गया है। अधिकारियों ने सभी पुस्तकों के सेट जिले के विभिन्न ब्लॉक के विशेष शिक्षकों को देने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले विभाग ने जिला के सभी विद्यालयों से पुस्तकों की डिमांड मांगकर उसे परिषद कार्यालय भेजा था। अब मॉडल टाउन स्थित शिक्षा विभाग के कार्यालय में जिला परियोजना संयोजक कृष्णा खत्री ने विशेष शिक्षकों को कक्षा पहली से 12वीं तक के दृष्टिगत दिव्यांग विद्यार्थियों की संख्या अनुसार पुस्तकों का वितरण किया। यह शिक्षक अब अपने विद्यालयों में दृष्टिगत दिव्यांग विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण करेंगे। पुस्तक वितरण के दौरान जिला सहायक परियोजना संयोजक डॉ. अतर सिंह, सहायक परियोजना संयोजक अमित बनवाला, सागर शर्मा, संदीप कटारिया, रणजीत कुंडू मौजूद रहे।



**सोनीपत।** मॉडल टाउन स्थित कार्यालय में शिक्षकों को पुस्तकों का वितरण करती जिला परियोजना संयोजक कृष्णा खत्री, सहायक परियोजना संयोजक डॉ. अतर सिंह।

**किस ब्लॉक में कितने पुस्तकों का सेट वितरण**

| ब्लॉक | पुस्तकों के सेट |
|---|---|
| सोनीपत | 09 |
| गन्नौर | 04 |
| गोहाना | 02 |
| खरखौदा | 03 |
| राई | 05 |
| कथूरा | 02 |
| मुंडलाना | 03 |
| कुल | 28 |

### अध्ययन में मिलेगी सुविधा

जिला शिक्षा विभाग को कक्षा पहली से 12वीं तक के दृष्टिगत दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम की विशेष पुस्तकें मिल चुकी हैं। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में ही विद्यार्थियों को विशेष किताबें मिलने से अध्ययन में सुविधा मिलेगी।

*-लक्षित सरीन, जिला परियोजना चेयरमैन एवं एडीसी, सोनीपत*

### नहीं आएगी चुनौतीपूर्ण की स्थिति

*जिले के राजकीय विद्यालयों में आम विद्यार्थियों के साथ कई दृष्टिगत दिव्यांग विद्यार्थी भी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन विद्यार्थियों की देखने की क्षमता में आंशिक कमी अर्थात अल्प दृष्टि जैसी समस्याएं हैं, जो जन्मजात, बीमारी या दुर्घटना के कारण हो सकती है। ऐसे में इन विद्यार्थियों के सामने अन्य विद्यार्थियों की अपेक्षा किताबों के सहारे अध्ययन करना चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसी उद्देश्य से इन विद्यार्थियों के लिए उसी पाठ्यक्रम में अक्षरों के फॉन्ट को बड़े अक्षरों में प्रिंट करवाया जाता है, ताकि वह अन्य विद्यार्थियों की भांति शिक्षा ग्रहण कर सकें।*

# 24 एकड़ में अवैध निर्माण ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- उपायुक्त के निर्देश पर डीटीपी टीम की कार्रवाई



जिले में अवैध कॉलोनियों व निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त सुशील सारवान के निर्देश पर सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गांव जवाहरी की राजस्व सम्पदा में एनएच-352ए व कामी रोड पर तीन अवैध कॉलोनियों (करीब 24 एकड़) में कच्चा रोड, नेटवर्क, 4 बाउंड्री वॉल, 1 वाणिज्यिक निर्माणाधीन संरचना बनाकर अवैध कालोनियां विकसित की जा रही थी, जिसे जिला प्रशासन की मदद से ध्वस्त किया गया। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह ने लोगों का आह्वान किया कि वह अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार की ओर से कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सड़क, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे लोगों को अपनी मेहनत की कमाई जोखिम में डालनी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है या नहीं। जिले में किसी भी अवैध कॉलोनी के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिला नगर योजनाकार विभाग की ओर से जिले के सभी क्षेत्रों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी विकसित करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। अधिक जानकारी के लिए सेक्टर-15 स्थित जिला नगर योजनाकार कार्यालय, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स में संपर्क किया जा सकता है।

## उद्योग मंत्री के बयान पर कर्मचारियों ने पुतला दहन कर जताया रोष



**सोनीपत।** अग्निशमन कर्मचारियों के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने के विरोध में नगरपालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मियों ने शनिवार को रेलवे रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के बाहर प्रदर्शन कर रोष जताया। कर्मचारियों ने उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह के पुतला का दहन भी किया। कर्मचारियों ने चेताया कि अगर समय रहते मंत्री ने अग्निशमन कर्मियों से माफी नहीं मांगी, तो वह हड़ताल करने के लिए मजबूर होंगे। फायर विभाग यूनियन के जिला प्रधान राजीव खत्री ने बताया कि कर्मचारी वर्ग उद्योग मंत्री की ओर से दिए गए आपत्तिजनक बयान की निंदा करता है। कर्मचारी भविष्य में भाजपा सरकार के किसी भी मंत्री की ओर से ऐसा आपत्तिजनक बयान को बर्दाश्त नहीं करेंगे। सरकार कर्मचारियों को आश्वासन दिलाए कि भविष्य में कोई भी मंत्री ऐसा आपत्तिजनक बयान नहीं देंगे। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान राजा भाई ने बताया कि उद्योग मंत्री अपने बयान पर जल्द कर्मचारी वर्ग से माफी मांगे। साथ ही कर्मचारियों की सरकार से मांग है कि उनकी लंबित सभी मांगों को जल्द पूरा किया जाए।

# बजट में देश के युवाओं को आगे बढ़ने का सुनहरा मौका : पवन खरखौदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

- खरखौदा अनाज मंडी में आज मनाया जाएगा प्राकृतिक खेती सम्मेलन



विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट देश के युवाओं के लिए नए-नए अवसर खोजना व उन्हें आगे बढ़ाने का मौका दिया गया है। भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में विधायक ने बताया कि देश के इतिहास में ऐसा बजट पहली बार पेश किया गया है जिसमें एक आधुनिक भारत की छवि दिखाई दी है। प्रधानमंत्री द्वारा 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो एक दृढ़ संकल्प है उसको पूरा करने के लिए यह बजट बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बजट में महिलाओं के लिए विशेष तौर पर ध्यान रखा गया है, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। इसके लिए भी सरकार द्वारा 10 हजार करोड रुपए का अलग से बजट रखा गया है। उन्होंने बताया कि 8 फरवरी रविवार को खरखौदा अनाज मंडी में प्राकृतिक खेती सम्मेलन को संबोधित करने के लिए महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत पहुंच रहे है।

# बंदरों के आतंक को लेकर ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा

- बोले-लघु सचिवालय पर प्रदर्शन कर अधिकारियों की लापरवाही पर जताएंगे रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव बड़वासनी में बंदरों के आतंक को लेकर ग्रामीणों ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई दिन से बंदरों ने गांव में आतंक मचाया हुआ है। ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला पार्षद संजय बड़वासनी के साथ ग्रामीण प्रदीप, वीरेंद्र, अनिल, राजपाल, सत्यवान, बाबू, कंवर सिंह, अजीत सिंह, भीम, मनजीत, मुकेश, कलावती, सविता, नीलम ने डंडे लेकर गांव से बंदरों को खदेड़ा। ग्रामीणों ने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही के खिलाफ सोमवार को लघु सचिवालय पर प्रदर्शन कर रोष जताएंगे। ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से बंदर लगातार आतंक मचाए हुए है। दो दर्जन से अधिक ग्रामीण बंदरों ने काटने का शिकार हो चुके हैं। बुजुर्ग व बच्चे घरों में कैद होने को मजबूर हैं। अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने के लिए घबराने लगे हैं।



**सोनीपत।** गांव बड़वासनी में बंदरों के आतंक के चलते डंडों के साथ मोर्चा संभाले ग्रामीण।

### जीना हुआ दूभर

*गांव में ग्रामीणों का जीना दूभर हो गया है। अब मजबूरन ग्रामीण डंडे लेकर चौकीदारी करने पर मजबूर हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की, कि उन्हें इस समस्या से जल्द निजात दिलवाई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर बंदरों के आतंक से गांव में किसी व्यक्ति को कुछ हो जाता है, तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने मांग की, कि बंदरों को पकड़कर सुरक्षित जगह छोड़ा जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार बंदरों को शहर से पकड़कर गांवों में छोड़ रहे हैं। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।*




In Loving Memory of

Smt. Ram Bhateri

1938 - 05 February 2026



With deep sorrow and heavy hearts, the Gehlawat family informs the peaceful passing of Smt. Ram Bhateri, aged 88, on February 5, 2026.

Born in Village Kultana, Haryana, she embraced the values of strength, grace, and devotion from a young age. She married Sepoy Dhoop Singh of 6 MAHAR Regiment, a courageous martyr and war hero of the 1962 conflict. At the tender age of 25, she became a war widow, tasked with nurturing their 8-month-old son. As the brave wife of a soldier who sacrificed his life for the nation, she shouldered her responsibilities with remarkable courage and quiet resilience. Her life stood as a testament to sacrifice, dignity, and unwavering patriotism.

Smt. Ram Bhateri was celebrated for her brave spirit, gentle wisdom, and boundless love. She raised her family with strength and compassion, imparting values rooted in integrity and affection across generations. Her warmth touched everyone who had the honor of knowing her. Though she has departed from this world, her blessings, teachings, and memories will forever remain etched in our hearts.

She is survived and will be deeply remembered by:

- Son: Lt Col Niranjan Singh Gehlawat (Retd), Director Contracts
- Daughter-in-law:Smt. Santosh Kumari, Sanskrit Lecturer (Retd)
- Grandchildren:Mr. Prince Gehlawat & Maj. Shailli Gehlawat
- Granddaughter-in-law:Mrs. Preeti Rana , Manager, SBI
- Grandson-in-law:Maj. Abhishek Singh Thakur
- Great-grandchildren:Advaita ,Advik & Tejas

She will be lovingly remembered and profoundly missed by the entire Gehlawat, Sheoran, Rana, and Thakur families.
For condolences, please contact:
- +91 9530758981
- +91 9050889557

ॐ OM SHANTI ॐ

